रजिस्ट्री सं. डी एल—33001/2000 REGISTERED No. DL—33001/2000

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 6] नई दिल्ली, शनिवार, फरवरी 5, 2000 (माघ 16, 1921)
No. 6] NEW DELHI, SATURDAY, FEBRUARY 5, 2000 (MAGHA 16, 1921)

इस भाग में भिन्न पृष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके।
(Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation)

भाग III—खण्ड 4
[PART III—SECTION 4]

[सांविधिक निकायों द्वारा जारी की गई विविध अधिसूचनाएं जिसमें कि आदेश, विज्ञापन और सूचनाएं सम्मिलित हैं]

[Miscellaneous Notifications including Notifications, Orders, Advertisements and Notices issued by Statutory Bodies]

भारतीय रिज़र्व बैंक

लोक ऋण कार्यालय

मुंबई-400 001, दिनांक 1 जनवरी, 20000

सं० लोऋका/20-14-02/औद्योगिक वित्त निगम बांड—औद्योगिक वित्त निगम अधिनियम 1948 (1948 का 15 वां) के खंड 43 अंतर्गत बनायी गयी औद्योगिक वित्त निगम (बांड निर्गम) विनियमावली 1949 के विनियम 10 के अनुसरण में दिनांक 31 दिसम्बर 1999 को समाप्त हुए छः माहों के लिए प्राप्त हुए आदि बांडों की निम्नलिखित सूची इसके साथ प्रकाशित की जा रही है, जिसके संबंध में प्रथम दृष्टया यह मानने के लिये आधार है कि ये बांड खो गये हैं और आवेदकों के दावे न्याय संगत हैं। जिन दावेदारों के नाम नीचे दिये गये हैं, उनसे भिन्न यदि किसी व्यक्ति को इन बांडों पर कोई भी दावा करना हो तो वे क्षेत्रीय निदेशक, भारतीय रिज़र्व बैंक, लोक ऋण कार्यालय, मुंबई 400001 से तत्काल संपर्क करें। यह सूची दो भागों में विभाजित की गयी है, भाग क उन प्रतिभूतियों की सूची है, जिनका विज्ञापन पहली बार किया जा रहा है और भाग ख उन प्रतिभूतियों की सूची है जिनका विज्ञापन पहले किया जा चुका है।

प्रतिभूति की संख्या	मूल्य रु०	निम्नलिखित के नाम जारी	निम्नलिखित दिनांक से ब्याज देय	चुकौती मूल्य के भुगतान/डुप्लीकेट जारी करने और उपचित ब्याज के भुगतान के लिए दावेदार के नाम	जारी किये गये आदेशों की संख्या और दिनांक	प्रकाशन की वह तिथि जब प्रतिभूति का पहले उल्लेख किया गया
1	2	3	4	5	6	7

सूची क—कुछ नहीं ।

सूची ख—7.25 प्रतिशत औद्योगिक वित्त निगम बांड, 1997

1.	बी वाई—000908 बी वाई—000910	3,00,000/— (3×1,00,000)	ए एन ग्रेड ग्रिंडलेज बैंक	29—9—1995	मधुर कैपिटल और फायनान्स लि०, अहमदाबाद	मामला सं० 31—07—1999 20.04.2075 महाप्रबंधक के दिनांक 3—3—1999 के आदेश तथा उसी दिनांक की केन्द्रीय कार्यालय डायरी सं० 718

13 प्रतिशत औद्योगिक वित्त निगम बांड, 2008 (64 वी शृंखला)

1	बी वाई 000077 बी वाई 000082	60,00,000/— (6×10,00,000)	भारतीय रिजर्व बैंक	28-1-1996	न्यासी, भारत पेट्रोलियम निगम लि० की उपदान निधि	मामला सं० 14—02—1998 20—04—2034 महाप्रबंधक के दिनांक 8—1—1998 के आदेश और केंद्रीय कार्यालय डायरी सं० 404 दिनांक 12—1—1998

(अे० वी० तेलंग)
महाराष्ट्र और गोवा के क्षेत्रीय निदेशक

कृते प्रबंधक
श्री व्ही० वी० शिकारखाने, सं० प्र०

देना बैंक प्रधान कार्यालय

मुम्बई-400005, दिनांक 28 दिसम्बर 1999

सं० औ० सं० संशो-1/99/--बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों अभिग्रहण एवं अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उपधारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए देना बैंक का निदेशक मंडल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से तथा एतद्द्वारा निम्नलिखित विनियम बनता है अर्थात् :--

1. संक्षिप्त नाम एवं प्रारम्भ .

(1) इन विनियमों को देना बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम 1998 कहा जायेगा।

(2) ये सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. देना बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम 1979 मे विनियम 38, निम्नलिखित विनियम द्वारा प्रतिस्थापित होगा, अर्थात् .--

38 नीचे किये गये प्रावधान को छोड़कर किसी अधिकारी के खाते मे जमा सभी अवकाश त्यागपत्र, सेवा निवृत्ति, मृत्यु, कार्यमुक्ति, बर्खास्तगी अथवा सेवा समाप्ति पर लुप्त हो जायेंगे :

शर्त यह है कि किसी अधिकारी के बैंक सेवा से निवृत्त होने पर वह अपने द्वारा संचित अधिकतम 240 दिनों के अर्जित अवकाश की किसी भी अवधि की परिलब्धियों के बराबर की रकम भुगतान किये जाने का पात्र होगा :

यह भी शर्त है कि सेवारत रहने के दौरान किसी अधिकारी की मृत्यु हो जाने की स्थिति में उसकी मृत्यु की तिथि को उसके खाते मे जमा अधिकतम 240 दिनों के अर्जित अवकाश की अवधि की परिलब्धियों के बराबर की रकम उसके कानूनी प्रतिनिधियों को देय होगी।

पाद --टिप्पणी : उपर्युक्त विनियमो में इसके पूर्व किये गये संशोधन निम्नलिखित के तहत भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे :

क्रम सं०	अधिसूचना सं०	दिनांक

पुरुषोत्तम कुमार,
महाप्रबन्धक (सहायक सेवायें)

दिनाक 28 दिसम्बर 1999

सं० औ० सं० संशो०-2/99:--बैंकिंग कम्पनी (उपक्रमों का अधिग्रहण एवं अन्तरण) अधिनियम, 1970 (1970 का 5) की धारा 12 की उप-धारा (2) के साथ पठित धारा 19 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए देना बैंक का निदेशक मण्डल भारतीय रिजर्व बैंक के परामर्श से तथा केन्द्रीय सरकार की पूर्व स्वीकृति से एतद्द्वारा देना बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 को और अधिक संशोधित करने के लिये निम्नलिखित विनियम बनाता है।

1. (1) इन विनियमो के देना बैंक (अधिकारी) सेवा (संशोधन) विनियम 1999 कहा जायेगा।

(2) इन विनियमों में किये गये अन्यथा प्रावधान को छोड़ कर ये सरकारी राजपत्र में उनके प्रकाशन की तिथि से प्रवृत्त होंगे।

2. देना बैंक (अधिकारी) सेवा विनियम, 1979 मे,

(क) विनियम 12 में उप-विनियम (3) के उपरान्त निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जायेगा, अर्थात् :--

(4) किसी ऐसे अधिकारी को,

(क) जिसने उप विनियम (1) में वर्णित विकल्प का प्रयोग किया था, और

(ख) जो फरवरी, 1984 के प्रथम दिन के बाद भी, नियत तिथि के तत्काल पूर्व उसे लागू होने वाले वेतन एवं भत्तो का आहरण करता आ रहा था, और

(ग) जो अप्रैल, 1997 के पहले दिन या उसके बाद भी बैंक की नियमित सेवा में है,

अप्रैल, 1997 के दिन या उस दिन से इन विनियमो के अधीन लागू होने वाले वेतन और भत्तो का विकल्प चुनने की अनुमति दी जा सकेगी,

ऐसे विकल्प का प्रयोग करने पर, उसका वेतन इस ढंग से नियत किया जायेगा कि 1-4-1997 के दिन उक्त वेतन पर देय महंगाई भत्ते सहित विनियम 4(2) में यथावर्णित वेतन, 31-3-1997 के दिन उप-विनियम (2) के अनुसार आहरित किये जा रहे विद्यमान संवेतन (अर्थात् वेतन धन महंगाई भत्ता) के सन्निकट हो।

(ख) विनियम 23 मे

(1) उप विनियम (3) के बाद निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :--

शर्त यह है कि अप्रैल, 1997 के प्रथम दिन को और से इस उप-विनियम के प्रावधान उसी रूप मे प्रभावी होंगे जैसे कि 'रु० 40/- रु० प्रति माह या, 25/- प्रति माह में प्रयुक्त अक्षरों, अंकों और शब्दों को क्रमशः रु० 125/- प्रति माह या 'रु० 100/- प्रति माह' अक्षरों, अंकों और शब्दों से प्रतिस्थापित कर दिया गया हो।

(2) उप-विनियम (4) के बाद निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :--

'शर्त यह है कि अप्रैल, 1997 के प्रथम दिन को और से इस उप-विनियम के प्रावधान उसी रूप में प्रभावी होंगे जैसे कि 'रु० 150/- प्रति माह'

में प्रयुक्त अक्षरों और अंकों को क्रमशः 'रु० 300/– प्रति माह' अक्षरों और अंकों में प्रति स्थापित कर दिया गया हो।

(3) उप-विनियम (5) में दूसरे परन्तुक के बाद निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :—

'शर्त यह है कि अप्रैल 1997 के प्रथम दिन को और से इस उप–विनियम के प्रावधान इस रूप में प्रभावी होंगे जैसे कि.—

(क) 'रु० 700/— में प्रयुक्त अक्षरों और अंकों को 'रु० 1000/— अक्षरों और अंकों से प्रतिस्थापित कर दिया गया हो।

(ख) पहले और दूसरे परन्तुक में दोनों स्थानों पर आने वाले 'रु० 350/— में प्रयुक्त अक्षरों और अंकों को 'रु० 500/— अक्षरों और अंकों से प्रतिस्थापित कर दिया गया हो।

(4) उप–विनियम (7) के बाद निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :—

'शर्त यह है कि वित्तीय वर्ष 1997–98 के दिन को और से इस उप-विनियम के प्रावधान इस रूप में प्रभावी होंगे जैसे कि रु० 150/— में प्रयुक्त अक्षरों और अंकों को 'रु० 250/— अक्षरों और अंकों से प्रतिस्थापित कर दिया गया हो।

(4) उप-विनियम (5) के बाद निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :—

'शर्त यह है कि अप्रैल, 1997 के प्रथम दिन को और से इस उप विनियम के प्रावधान इस रूप में प्रभावी होंगे जैसे कि 'रु० 35/— प्रति माह' में प्रयुक्त अक्षरों और अंकों को 'रु० 70/— प्रति माह' अक्षरों और अंकों में प्रतिस्थापित कर दिया गया हो।

(ग) विनियम (32) में उप-विनियम (2) के बाद निम्नलिखित परन्तुक जोड़ा जायेगा, अर्थात् :—

'वर्ष 1997 में या उसके उत्तरवर्ती वर्ष में प्राप्त न किया गया आकस्मिक अवकाश बाद वाले तीन वर्षों में बीमारी अवकाश के साथ पहले या बाद में जोड़ा जा सकता है।'

(घ) विनियम (42) में

(i) उप-विनियम 2(1) में वर्णित '1-7-1993 के दिन और से' में प्रयुक्त शब्दों और अंकों को '1-7-1993 के दिन और से किन्तु 1-4-1997 के पूर्व' शब्दों और अंकों में प्रतिस्थापित किया जाएगा ;

(ii) उप-विनियम 2(i) के बाद निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा, अर्थात :—

'2(i) (क) अप्रैल, 1997 के प्रथम दिन को और से स्थानान्तरण पर किसी अधिकारी को मालगाड़ी द्वारा अपने सामान की ढुलाई पर हुए खर्च की निम्नलिखित सीमाओं तक प्रतिपूर्ति की जाएगी :—

वेतन श्रेणी	जहां अधिकारी का परिवार हो	जहां अधिकारी का परिवार न हो
1	2	3
रु० 4250 प्रति माह से रु० 6210 प्रति माह तक	3000 कि० ग्रा०	1500 कि० ग्रा०
रु० 6211 प्रति माह और उससे अधिक	पूरा वैगन	2500 कि० ग्रा०

(iii) उप-विनियम (3) में '1-1-1987 को और से' शब्द और अंक '1-1-1987 को और से किन्तु 1-4-1997 के पूर्व' शब्दों और अंकों से प्रतिस्थापित होंगे।

(iv) उप-विनियम 3 के बाद निम्नलिखित उप-विनियम जोड़ा जाएगा :—

3(क) 'अप्रैल, 1997 को और से स्थानान्तरण पर कोई भी अधिकारी पैकिंग, स्थानीय ढुलाई, सामान का बीमा कराए जाने आदि से सम्बन्धित खर्चों के लिए नीचे दर्शायी गई सीमा तक की एकमुश्त रकम प्राप्त करने का पात्र होगा :—

श्रेणी	एकमुश्त रकम
1	2
शीर्ष कार्यपालक एवं वरिष्ठ प्रबंधन	रु० 5000/–
मध्य प्रबंधन एवं कनिष्ठ प्रबंधन	रु० 4000/–

पाद-टिप्पणी :—उपर्युक्त विनियमों में इसके पूर्व किए गए संशोधन नीचे दर्शायी गयी तिथियों सहित अधिसूचना संख्याओं के तहत भारत के राजपत्र में प्रकाशित हुए थे :—

क्र० सं०	अधिसूचना सं०	दिनांक
1.	13	26-3-1988
2.	14	4-4-1992
3.	41	12-10-1996

पुरुषोत्तम कुमार,
महा प्रबंधक (सहायक सेवाएं)

राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक
मुम्बई

शुद्धि-पत्र
परिशिष्ट–1

क्रमांक	गजेट की पृष्ठ संख्या	सदर्भ	त्रुटि	सुधार
1	2	3	4	5
1	3416	प्रारक्षित निधि और अन्य प्रारक्षित निधियां (ii) चौथा कालम	रु० 3,00,00,00	रु० 3,00,00,000
	3417	3. निवेश (i) केन्द्र सरकार को प्रतिभूतिया		
		अकित मूल्य	रु० 1305,47,00,000	रु० 1305,47,00,000 (रु० 1335,47,00,000)
		बाजार मूल्य	रु० 1229,05,89,954	रु० 1229,05,89,954 (रु० 1247,18,23,529)
	3417 (ii)	खजाना बिल अकित मूल्य	रु० 20,00,00,000	रु० 20,00,00,000 (शून्य)
	3417	4. अग्रिम (घ) अन्य निवेश ऋण : मध्यावधि और दीर्घावधि परियोजना ऋण	137,69,74,06,959	137,29,74,06,959
	3419	5. भूमि कालम तीन की कुल राशि	100,74,25,931	100,74,25,631
	3419	6. परिसर (लागत पर) (टिप्पणी 2 देखें)	9 परिसर (लागत पर) (टिप्पणी 2 देखें)	6 परिसर (लागत पर) (टिप्पणी 2 देखें)
	3419	फर्निचर और जुडनार (चौथा कालम)	18,02,10,386	18,02,19,386
	3420	8 राष्ट्रीय बैंक—स्विस विकास सहयोग परियोजना		
		घटाएं: (क) वर्ष 1994–95 तक राष्ट्रीय बैंक—स्विस प्रवर्धन निधि में अंतरित वसूलियां	68,91,47,374	68,61,47,374
	3422	9 राष्ट्रीय बैंक–स्विस 7 निधि घटाए : वर्ष के दौरान किया गया व्यय/		
		सवितरण दूसरा कालम	3,09,94,111	3,06,94,111
		सवितरण चौथा कालम	3,09,94,111	3,06,94,111
	3423	च. केएफडब्ल्यू—नाबार्ड 5 आदिवासी कार्यक्रम	केएफडब्ल्यू–नाबार्ड 5 आदिवासी कार्यक्रम	केएफडब्ल्यू–नाबार्ड 5 आदिवासी कार्यक्रम
	3423	अन्य परिसंपत्तिया कुल राशि (पिछला वर्ष)	825,85,97,963	825,85,97,953

1	2	3	4	5
	3426	14. जमा राशियां ख. वाणिज्य बैंक (प्राथमिकता) क्षेत्र की राशि में कमी की राशि	327,55,51,50	327,55,51,560
	3426	15 बांड और डिबेंचर	1408,15,11,000	1408,15,11,000
	3426	16 उधार राशिया	1369,65,11,000	1369,65,11,000
	3429	निदेशक के नाम	एस एन पी सिन्हा	एस एन पी एन सिन्हा
	3430	31 मार्च 1999 को समाप्त वर्ष का लाभ और हानि लेखा	01 मार्च 1999 को समाप्त वर्ष का लाभ और हानि लेखा	31 मार्च, 1999 को समाप्त वर्ष का लाभ और हानि लेखा
	3430	अदा किया गया ब्याज		
		(ख) भारतीय रिजर्व बैंक से लिए गए उधार पर	206,57,22,11	206,57,22,141
		(छ) ग्रेच्युटी और चिकित्सा निधि पर	4,30,22,038	4,30,22,048
		(ट) ग्रामीण आधारभूत सुविधा विकास निधि के अन्तर्गत जमा राशियों पर	1,98,63,43,998	1,98,63,43,598
	3430	3 स्टाफ अधिवर्षिता निधि में अंशदान	21,76,40,429	21,76,30,429
	3432	कुल राशि	1134,42,43,519	1134,42,34,519
	3432	अनुसधान और विकास निधि	3,00,0,000	3,00,00,000
	3433	निदेशकों के नाम	एस एन पी सिन्हा	एस एन पी एन सिन्हा
	3436	टिप्पणिया पैरा 16 ग	(ग) वर्ष के दौरान बैंक ने क्रमशः 116.23 करोड़ रुपये तथा 50 करोड़ रुपये के 12.35% ब्याज दर वाले XVIII श्रृंखला एस एल आर बांड तथा 8.2% के सीरिज कर युक्त बांड जारी किए. पुनश्च बैंक ने पहली बार 188 करोड़ रुपये के 11.25% के प्राथमिकता क्षेत्र बांड की 1 सीरिज जारी की. इन बांडों का प्रबंधन पूर्ण रूप से बैंक द्वारा किया गया ।	(ग) वर्ष के दौरान बैंक ने क्रमशः 116.23 करोड़ रुपये तथा 50 करोड़ रुपये के 12.35% ब्याज दर वाले XVIII श्रृंखला एस एल आर बांड तथा 8.25% को III सीरिज कर मुक्त बांड जारी किए पुनश्च बैंक ने पहलो बार 188 करोड़ रुपये के 11.25% के प्राथमिकता क्षेत्र बांड की 1 सीरिज जारी की इन बांडों का प्रबन्धन पूर्ण रूप से बैंक द्वारा किया गया ।

मी० के० देसाई,
प्रबन्धक
सचिव विभाग
राकृग्रवि बैंक

राष्ट्रीय आवास बैंक

(भारतीय रिजर्व बैंक के सपूर्ण स्वामित्व मे)

आवास वित्त कंपनी (रा०आ० बैंक) निर्देश, 1989

नई दिल्ली–110003, दिनांक 1 जनवरी 1999

अधिसूचना स० एन०एच०बी० एच०एफ०सी० डी०आई० आर० 11/सी०एम०डी०–99—राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (1987 का 53) की धारा 30 और 31 द्वारा प्रदत्त शक्तियों और इस निमित्त सभी सामर्थ्यकारी शक्तियों का प्रयोग करते हुए और इस बात से आश्वस्त होते हुए कि ऐसा करना लोक हित में आवश्यक है, राष्ट्रीय आवास बैंक एतदद्वारा निर्देश देता है कि आवास वित्त कंपनी (रा०आ०बैंक) निर्देश, 1989 (जिसे इसके पश्चात् प्रमुख निर्देश कहा गया है) को तत्काल प्रभाव से, निम्नानुसार संशोधित किया जाए, अर्थात् :

पैराग्राफ 2 का संशोधन

1. पैराग्राफ 2 में, प्रमुख निर्देशों के उप-पैराग्राफ (1) में,

(i) खंड (घ) के बाद, निम्नलिखित खंड सम्मिलित किए जाएंगे, अर्थात् —

"(घ क)" "सार्वजनिक जमाराशि" से जमाराशि अभिप्रत है । लेकिन इसमें निम्नलिखित शामिल नहीं है, अर्थात्—

(i) केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार से प्राप्त कोई राशि अथवा किसी अन्य श्रोत से प्राप्त कोई राशि और जिसका प्रतिसंदाय केन्द्रीय सरकार या किसी राज्य सरकार द्वारा गारंटीशुदा हो अथवा किसी स्थानीय प्राधिकरण या किसी सार्वजनिक आवास एजेंसी या किसी विदेशी सरकार या किसी अन्य विदेशी नागरिक, प्राधिकरण या व्यक्ति से प्राप्त राशि;

(ii) राष्ट्रीय आवास बैंक अधिनियम, 1987 (1987 का 53) के तहत स्थापित राष्ट्रीय आवास बैंक या भारतीय औद्योगिक विकास बैंक अधिनियम, 1964 (1964 का 18) के तहत स्थापित भारतीय औद्योगिक विकास बैंक या जीवन बीमा निगम अधिनियम, 1956 (1956 का 31) के तहत स्थापित भारतीय जीवन बीमा निगम या साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 (1972 का 57) की धारा 9 के उपबंधों के अनुसरण में स्थापित भारतीय साधारण बीमा निगम और उसकी सहायक कंपनियों या भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक अधिनियम, 1989 (1989 का 39) के तहत स्थापित भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक या भारतीय यूनिट ट्रस्ट अधिनियम, 1963 (1963 का 52) के तहत स्थापित भारतीय यूनिटट्रस्ट या राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीन विकास बैंक, अधिनियम, 1982 के तहत स्थापित राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक या विद्युत (आपूर्ति अधिनियम, 1948 के तहत गठित विद्युत बोर्ड या तमिलनाडु औद्योगिक ऋण एवं निवेश निगम लि० या दि इण्डस्ट्रियल फाईनांस कारपोरेशन आफ इंडिया लि० या भारतीय औद्योगिक निवेश बैंक लि० या भारतीय राज्य व्यापार निगम लि० या ग्रामीण विद्युतीकरण निगम लि० या भारतीय खनिज एवं धातु व्यापार निगम लि० या कृषि वित्त निगम लि० या महाराष्ट्र राज्य औद्योगिक एवं निवेश निगम लि० या गुजरात औद्योगिक निवेश निगम लि० या एशियाई विकास बैंक या अंतर्राष्ट्रीय वित्त निगम या विदेशी आर्थिक सहयोग निधि (आई०सी०एफ०) या कैडिटैनस्टैल्ट फार वाइडरआफबो (के०एफ०डब्ल्यू०) या किसी अन्य संस्था, जिसे इस निमित्त राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, मे प्राप्त कोई राशि;

(iii) किसी आवास वित्त कंपनी द्वारा अन्य कंपनी मे प्राप्त राशि;

(iv) शेयरों, स्टाक, बांडों या डिबेंचरो का आबंटन लंबित रहने तक उक्त किसी भी शेयर, स्टाक, बांडों या डिबेंचरों में अभिदान के तौर पर प्राप्त कोई राशि और आवास वित्त कंपनी के अंतर्नियमों के अनुसरण में शेयरों पर पहले से मांग के रूप में प्राप्त कोई राशि, जब तक कि ऐसी राशि आवास वित्त कंपनी के अंतर्नियमों के तहत सदस्यों को प्रतिसंदेय नहीं है;

(v) ऐसे व्यक्ति से प्राप्त कोई राशि, जो राशि की प्राप्ति के समय आवास वित्त कंपनी का निदेशक था या किसी गैर सरकारी आवास वित्त कंपनी द्वारा अपने शेयरधारकों से प्राप्त कोई राशि या ऐसी गैर-सरकारी आवास वित्त कंपनी द्वारा प्राप्त कोई राशि, जो कंपनी अधिनियम, 1956 की धारा 43 क के तहत सार्वजनिक आवास वित्त कंपनी बन गई है और अपने अंतर्नियमों में कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 3 की उपधारा (1) के खंड (iii) में विनिर्दिष्ट मामलों से संबंधित उपबंधों को शामिल करना जारी रखती है ।

परन्तु यह कि जैसी भी स्थिति हो, निदेशक या शेयरधारक जिससे राशि प्राप्त हुई है, राशि देते समय आवास वित्त कंपनी को लिखित रूप में इस आशय का घोषणापत्र प्रस्तुत करता है कि यह राशि अन्यों से उधार लेकर या राशियां स्वीकार करके उसके द्वारा अर्जित निधियों में से नहीं की जा रही है;

(vi) आवास वित्त कंपनी की किसी अचल सम्पत्ति या किसी अन्य परिसम्पत्ति के बंधक द्वारा प्रतिभूत ऐसे बांडो या डिबेंचरों या उन्हें आवास वित्त कंपनी के शेयरों मे परिवर्तित करने के विकल्प के साथ जारी किए गए बांडों या डिबेंचरों द्वारा जुटाई गई कोई राशि, परन्तु किसी अचल सम्पत्ति के बंधक द्वारा प्रतिभूत या अन्य परिसंपत्ति द्वारा प्रतिभूत ऐसे बांडों या डिबेंचरों के मामले में, ऐसे बाण्डों या डिबेंचरों की राशि ऐसी अचल सम्पत्ति/अन्य परिसम्पत्ति के बाजार मूल्य से अधिक नहीं होगी;

(vii) प्रवर्तकों द्वारा निम्नलिखित शर्तों को पूर्ण करने के अध्यधीन, ऋणदाता संस्थाओं की शर्तों के अनुसरण में अप्रतिभूत ऋण के रूप में लाई गई कोई राशि, अर्थात् :

(क) यह ऋण ऐसे वित्त का अंशदान करने के लिए प्रवर्तकों की बाध्यता को पूरा करने के लिए ऋणदाता सार्वजनिक वित्तीय संस्था द्वारा लाई गई शर्तों के अनुसरण में लाया जाता है,

(ख) यह ऋण प्रवर्तकों द्वारा स्वयं/और या उनके संबंधियों द्वारा प्रदान किया जाता है, और न कि उनके मित्रों एवं कारबार सहयोगियों द्वारा, और,

(ग) इस उपखंड के अन्तर्गत छूट केवल तब तक उपलब्ध होगी, जब तक ऋणदाता सार्वजनिक वित्तीय संस्था के ऋण का प्रतिसंदाय नहीं कर दिया जाता एवं उसके बाद नहीं;

(घख) "ऋणदाता सार्वजनिक वित्तीय संस्था" से निम्नलिखित अभिप्रेत है :—

(i) कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 4क में या उसके अन्तर्गत विनिर्दिष्ट सार्वजनिक वित्तीय संस्था; या

(ii) राज्य वित्तीय निगम या राज्य औद्योगिक निवेश निगम या

(iii) अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक या

(iv) साधारण बीमा कारबार (राष्ट्रीयकरण) अधिनियम, 1972 (1972 का 57) की धारा 9 के उपबंधों के अनुसरण में स्थापित भारतीय साधारण बीमा निगम या कोई अन्य संस्था, जिसे राष्ट्रीय आवास बैंक इस निमित्त, अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे;"

(ii) खण्ड (ज) के स्थान पर, निम्नलिखित खण्ड प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

"(ज) "प्रतिभूतियों" से प्रतिभूति संविदा (विनियमन) अधिनियम, 1956 (1956 का 42) की धारा 2(ज) में यथा परिभाषित प्रतिभूतियां अभिप्रेत हैं;"

पैराग्राफ 3 का लोप

2. प्रमुख निर्देश के पैराग्राफ 3 का लोप हो जाएगा ।

पैराग्राफ 3 क का संशोधन

3. पैराग्राफ 3 क के, स्पष्टीकरण (1) में, खंड क में, "कुल चुकता इक्विटी पूंजी और निर्बंध आरक्षित निधियां" शब्दों के लिए, निम्नलिखित शब्दों को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"चुकता अधिमान्य शेयरों सहित कुल चुकता इक्विटी पूंजी, जो अनिवार्यतः इक्विटी पूंजी और निर्बंध आरक्षित निधियों में परिवर्तनीय है।"

पैराग्राफ 4 का प्रतिस्थापन

4. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 4 के स्थान पर, निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

"4. जमाराशियां स्वीकार करना—

(1) न्यूनतम ऋण पात्रता निर्धारण

1 जनवरी, 1999 को और इस तारीख से,

(i) ऐसी कोई भी आवास वित्त कंपनी जिसके पास पच्चीस लाख रुपए और इससे अधिक की निवल स्वाधिकृत निधि है (जिसे आगे स्वा० निधि कहा जाएगा) वे जनता से जमाराशि तब तक स्वीकार नहीं करेगी, जब तक उसने सावधि जमाराशियों के लिए किसी भी अनुमोदित ऋण पात्रता निर्धारण एजेंसी से वर्ष में कम से कम एक बार न्यूनतम "ए" का ऋण पात्रता निर्धारण प्रमाणपत्र प्राप्त न कर लिया हो और पात्रता निर्धारण की एक प्रति विवेकसम्मत मानदंडों संबंधी विवरणी के साथ राष्ट्रीय आवास बैंक को भेज न दी हो;

(ii) किसी आवास वित्त कंपनी के ऋण पात्रता निर्धारण के किसी स्तर को आवास वित्त कंपनी के पिछले स्तर से बढ़ाने या किसी भी स्तर तक कम करने की दशा में, इस प्रकार के निर्धारण के बाद स्तर बढ़ाने/घटाये जाने की लिखित सूचना राष्ट्रीय आवास बैंक को 15 कार्य दिवसों के अन्दर देगी ।

अनुमोदित ऋण पात्रता निर्धारण एजेंसियां

इस समय अनुमोदित ऋण पात्रता निर्धारण एजेंसियों के नाम निम्नानुसार हैं :—

एजेंसी के नाम

(क) दि क्रेडिट रेटिंग इन्फार्मेशन सर्विसेज आफ इंडिया लि० (क्रिसिल)

(ख) आई० सी० आर० ए० लि०

(ग) क्रेडिट एनालिसिस एंड रिसर्च लि० (केयर)

(घ) डफ एंड फेल्प्स क्रेडिट रेटिंग इंडिया प्रा० लि० (नो०मो०आर० इंडिया)

2. जमाराशियों की अवधि :—

1 जनवरी, 1999 को और इसके, कोई भी आवास वित्त कंपनी कोई भी सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार या उसका नवीनीकरण नहीं करेगी, चाहे उसे 1 जनवरी, 1999 से पहले या बाद में स्वीकार किया गया हो,

(क) जो मांग किए जाने या नोटिस दिए जाने पर प्रतिसंदेय हो;

या

(ख) जब तक ऐसी जमाराशि 12 महीने या इससे अधिक की अवधि के बाद, परंतु ऐसी जमाराशियां स्वीकार किए जाने या उसका नवीकरण किए जाने की तारीख से कम से कम चौरासी महीने के पश्चात् प्रतिसंदेय नही हो जाती है।

परंतु 1 जनवरी, 1999 के पहले किसी आवास वित्त कंपनी द्वारा स्वीकृत सार्वजनिक जमाराशियां, जब तक इन निर्देशों के अनुसरण में नवीकृत नही हो जाती, ऐसी जमाराशियों की शर्तों के अनुसार प्रतिप्रदत्त होंगी ।

स्पष्टीकरण

जहां सार्वजनिक जमाराशि किस्मों में है, वहां ऐसी जमाराशि की अवधि पहली किस्त की प्राप्ति की तारीख से परिकलित की जाएगी ।

(3) यथा निर्धारित सीमा से अधिक जमाराशियां स्वीकार करने या उनका नवीनीकरण करने पर निबन्धन और पहले से स्वीकार की गई तथा अधिकतम सीमा से अधिक रखी हुई जमाराशियों का नियमन ।

(i) 1 जनवरी, 1999 को और इस तारीख से, कोई भी आवास वित्त कंपनी जिसकी निवल स्वा० निधि

(क) पच्चीस लाख रुपए से कम है; या

(ख) पच्चीस लाख रुपए और इससे अधिक है, परंतु उसकी ऋण पात्रता का निर्धारण "ए" से नीचे है,

उप पैराग्राफ (4) में विनिर्दिष्ट सीमा के अतिरिक्त सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार या उसका नवीकरण नहीं करेगी;

(ii) 1 जनवरी, 1999 को और इस तारीख से किसी भी आवास वित्त कंपनी—

(क) जिसे पैराग्राफ 3क के अनुसार पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किया गया है और जो प्रमाणपत्र राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा निरस्त नहीं किया गया है या जिसने उस पैराग्राफ के अनुसार पंजीकरण के लिए आवेदन किया और वह राष्ट्रीय आवास बैंक के पास विचारार्थ लंबित है, और

(ख) जिसकी निवल स्वा० निधि पच्चीस लाख रुपए और इससे अधिक है तथा ऋण पात्रता निर्धारण "ए" से नीचे नहीं है,

के पास सार्वजनिक जमाराशियों सहित उतनी जमाराशियां होंगी, जिसकी कुल राशि, उसके द्वारा रखी हुई राशियों, यदि कोई हों, जिनका उल्लेख भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 की धारा 45झ के खण्ड (ख ख) के उपखंडों (iii) से (vii) तक में किया गया है, और राष्ट्रीय आवास बैंक से ऋणों और अन्य सहायता सहित, नीचे विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक न हो :

निवल स्वा० निधियों वाली आवास वित्त कंपनियां	निवल स्वा० निधियों के गुणक के रूप में जमाराशियां
10 करोड़ रुपए तक	10 गुणा
10 करोड़ रुपए से अधिक लेकिन 20 करोड़ रुपए से कम	11 गुणा
20 करोड़ रुपए और इससे अधिक	12 गुणा

परन्तु किसी आवास वित्त कंपनी की सार्वजनिक जमाराशियां उसकी निवल स्वाधिकृत निधि के पांच गुणा से अधिक नहीं होंगी ।

4. पहले स्वीकार की गई और अनुज्ञेय सीमा से अधिक रखी गई जमाराशियों का नियमन

जहां कोई आवास वित्त कंपनी 1 जनवरी, 1999 को कारबार के प्रारंभ के समय ऊपर विनिर्दिष्ट सीमाओं से अधिक जमाराशियां रखती है, वहां वह :—

(क) नई जमाराशियां स्वीकार नही करेगी या नया जमाखाता नही खोलेगी; अथवा

(ख) 30 सितंबर, 2000 के बाद वर्तमान जमाराशियों का नवीकरण नहीं करेगी या जहां जमाराशियां किसी आवर्ती योजना के तहत प्राप्त की जाती हैं, वहां ऐसी योजना के तहत किस्तें योजना की अवधि समाप्त होने के बाद प्राप्त करेगी;

(ग) 30 सितंबर, 2000 के बाद परिपक्वता पर ऐसी अधिक जमाराशि को प्रतिसंदाय द्वारा कम करेगी।

5. ऋण पात्रता का निम्नतर निर्धारण

आवास वित्त कंपनी के पूर्ववर्ती स्तर से नीचे, "ए" से निम्नतर स्तर का ऋण पात्रता का निर्धारण किए जाने की दशा में वह :

(i) पंद्रह कार्य दिवसों के भीतर राष्ट्रीय आवास बैंक को इस स्थिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी;

(ii) तत्काल प्रभाव से कोई भी नई जमाराशि स्वीकार करना बन्द कर देगी और ऋण पात्रता निर्धारण का स्तर कम होने की तारीख से एक वर्ष की समाप्ति के बाद वर्तमान जमाराशियों का नवीकरण नही करेगी; और

(iii) एक वर्ष की अवधि या राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आगे बढ़ाई गई ऐसी अन्य अवधि के अन्दर अधिक जमाराशियों का प्रतिसंदाय करेगी ।

6. संयुक्त जमाराशियां

जहां वांछित हो, जमाराशियां संयुक्त नामों से स्वीकार की जा सकती है, जिसमें "आइदर और सर्वाइवर" "नम्बर वन और सर्वाइवर/स", "एनीवन और सर्वाइवर/स", जैसा वाक्य खण्ड हो या नहीं हो ।

पैराग्राफ 5 का प्रतिस्थापन

5. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 5 के स्थान पर, निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :

5. जनता से जमाराशियों की मांग करने के लिए आवेदन पत्र में विनिर्दिष्ट किए जाने वाले विवरण

(i) 1 जनवरी, 1999 को और इस तारीख से, आवास वित्त कंपनी द्वारा दिए जाने वाले फार्म में जमाकर्त्ताओं द्वारा लिखित आवेदन न किए जाने पर, कोई भी आवास वित्त कंपनी कोई सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार अथवा उसका नवीकरण नही करेगी। इस फार्म में, कंपनी अधिनियम, 1956 (1956 का 1) की धारा 58क के अन्तर्गत बनाए गए गैर-बैंककारी वित्तीय कंपनी और विविध गैर-बैककारी कंपनी (विज्ञापन) नियम, 1977 में विनिर्दिष्ट सभी ब्यौरे निहित होंगे और साथ ही, इसमें जमाकर्त्ताओं की विशिष्ट श्रेणी के ब्यौरे भी निहित होंगे, अर्थात् जमाकर्त्ता आवास वित्त कंपनी का शेयरधारक या निदेशक या प्रवर्त्तक है या कोई जन मदस्य है।

(ii) आवेदन फार्म में निम्नलिखित सूचनाएं भी निहित होंगी :

(क) उसकी जमाराशियों को प्रदान की गई ऋण पात्रता का निर्धारण और आवास वित्त कंपनी की ऋण पात्रता का निर्धारण करने वाली ऋण पात्रता निर्धारण एजेंसी का नाम;

(ख) इस आशय का एक विवरण कि आवास वित्त कंपनी द्वारा अपनी जमाराशियों को चुकौती में किसी चूक के मामले में जमाकर्त्ता राहत के लिए राष्ट्रीय उपभोक्ता विवाद निवारण मंच, राज्य स्तरीय उपभोक्ता विवाद निवारण मंच, या जिला स्तरीय उपभोक्ता विवाद निवारण मंच में जा सकता है;

(ग) इस आशय का एक विवरण कि आवास वित्त कंपनी की वित्तीय स्थिति, जैसा कि प्रकट किया गया है और आवेदन फार्म में दिए गए अभ्यावेदन सही और ठीक हैं तथा आवास वित्त कंपनी और उसका निदेशक बोर्ड उसकी शुद्धता और सत्यता के लिए जिम्मेदार है;

(घ) इस आशय का एक विवरण कि आवास वित्त कंपनी की जमाराशि स्वीकार करने की गतिविधियां राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा विनियमित की जाती हैं। तथापि, यह स्पष्ट रूप से समझ लेना चाहिए कि राष्ट्रीय आवास बैंक आवास वित्त कंपनी की वित्तीय सुदृढ़ता के लिए या आवास वित्त कंपनी द्वारा किए गए किसी भी विवरण या अभ्यावेदन या उसके द्वारा व्यक्त की गई किसी भी राय की शुद्धता के लिए; और आवास वित्त कंपनी द्वारा जमाराशि के प्रतिसंदाय देनदारियों के निर्वहन के लिए कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है;

(ङ) आवेदन फार्म के अन्त में, लेकिन जमाकर्त्ता के हस्ताक्षर से पहले जमाकर्त्ता द्वारा निम्नलिखित सत्यापन खंड जोड़ा जाएगा "मैंने आवास वित्त कंपनी द्वारा प्रस्तुत किए गए वित्तीय और अन्य विवरणों/तथ्यों/अभ्यावेदनों को पढ़ लिया है और सावधानीपूर्वक विचार करने के बाद मैं अपने जोखिम और इच्छा शक्ति पर आवास वित्त कंपनी के पास रकम जमा कर रहा हूं।"

पैराग्राफ 6 का संशोधन

6. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 6 के, उप पैराग्राफ (2) में निम्नलिखित परन्तुक का समावेश किया जाएगा, अर्थात्—

"परन्तु, यदि ऐसी प्राप्तियां किसी आवर्ती जमा की पहली किस्त के बाद की किस्तों से संबंधित हैं, तो उसमें केवल जमाकर्त्ता/(ओं) का नाम, तारीख और जमाराशि निहित होगी।"

पैराग्राफ 7 का संशोधन

7 प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 7 में—

(i) उप-पैराग्राफ (1) में, खंड (ङ) के बाद, निम्नलिखित का समावेश किया जाएगा, अर्थात—

"(ङ क) जमाकर्त्ता द्वारा किए गए दावे की तारीख, (ङ ख) प्रतिसंदाय में पांच कार्य दिवसों में अधिक की देरी के कारण, और"

(ii) उप पैराग्राफ (2) में, "दस वर्ष" शब्दों के स्थान पर "आठ वर्ष" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

पैराग्राफ 8 का संशोधन

8. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 8 के, उप पैराग्राफ (1) में विद्यमान खण्डों (क) और (ख) को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् —

"(क) आवास वित्त कंपनी की सार्वजनिक जमाराशि के खातों की कुल संख्या, जिनका जमाकर्त्ताओं द्वारा दावा नहीं किया गया है या जिस तारीख को जमाराशि प्रतिसंदाय के लिए देय हुई, उस तारीख के बाद आवास वित्त कंपनी द्वारा उसका संदाय नहीं किया गया है; और

(ख) ऐसे खातों के अंतर्गत दय कुल राशियां, जिनका दावा नहीं किया गया है या पूर्वोक्तानुसार खण्ड (क) में उल्लिखित तारीखों के बाद संदाय नही किया गया है।"

पैराग्राफ 9 का प्रतिस्थापन

9. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 9 के स्थान पर, निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात :—

9. ब्याज दर और दलाली की अधिकतम सीमा तथा अतिदेय सार्वजनिक जमाराशियों पर ब्याज

(1) 1 जनवरी, 1999 को और उस तारीख से, कोई भी आवास वित्त कंपनी :—

(क) कोई भी सार्वजनिक जमाराशि पंद्रह प्रतिशत वार्षिक से अधिक ब्याज दर पर आमंत्रित या स्वीकार या उसका नवीकरण नहीं करेगी। ब्याज का भुगतान किया जा सकता है या उसे अन्तरालों में चक्रवृद्ध किया जा सकता है। ये अन्तराल मासिक अन्तरालों से कम अवधि के नहीं होंगे।

इसमें अंतर्विष्ट किसी बात के होते हुए भी, आवास वित्त कंपनी सार्वजनिक जमाराशियों की ब्याज दर निर्धारित करने के लिए स्वतंत्र है, बशर्ते कि, आवास वित्त कंपनी ने राष्ट्रीय आवास बैंक से यह प्रमाणपत्र प्राप्त कर लिया हो कि वह इन निर्देशों, दिशानिर्देशों के अधीन और राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा आवास वित्त कंपनियों को समय समय पर जारी किए गए अन्य अनुदेशों के उपबंधों का पालन करती है।

(ख) किसी भी दलाल को उसके द्वारा या उसके माध्यम से एकत्र की गई सार्वजनिक जमाराशि पर,

(i) इस प्रकार एकत्र की गई जमाराशि से दो प्रतिशत अधिक की दलाली, कमीशन, प्रोत्साहन या अन्य लाभ, चाहे उसे किसी भी नाम से जाना जाए, का भुगतान नहीं करेगी;

(ii) उसके द्वारा प्रस्तुत किए गए संबंधित वाउचरों/बिलों के आधार पर इस प्रकार एकत्र की गई जमाराशि के 0.5 प्रतिशत से अधिक की प्रतिपूर्ति के रुप में व्यय नहीं करेगी।

(2) अतिदेय जमाराशि पर ब्याज का भुगतान

कोई भी आवास वित्त कंपनी, अपने विवेक पर, अतिदेय सार्वजनिक जमाराशि पर या उक्त अतिदेय जमाराशि के किसी भाग पर, जमाराशि की परिपक्वता की तारीख से ब्याज की अनुमति दे सकती है, जो इस शर्त के अध्यधीन होगी कि :—

(i) कुल अतिदेय जमाराशि या उसके किसी भाग का, इन निर्देशों के सम्बन्धित उपबंधों के अनुसार, उसकी परिपक्वता की तारीख से किसी भावी तारीख तक नवीकरण किया जाता है; और

(ii) अनुज्ञेय ब्याज ऐसी अतिदेय जमाराशि की परिपक्वता की तारीख को लागू उचित दर पर होगा, जो केवल इस प्रकार नवीकृत जमाराशि पर ही देय होगा :

परन्तु, जहां कोई आवास वित्त कंपनी जमाकर्त्ता द्वारा दावा किए जाने पर, परिपक्वता पर जमाराशि का ब्याज सहित प्रतिसंदाय करने में असफल रहती है, वहां आवास वित्त कंपनी दावा किए जाने की तारीख से प्रतिसंदाय किए जाने की तारीख तक जमाराशि पर यथा लागू दर पर ब्याज का भुगतान करेगी।"

पैराग्राफ 10 का संशोधन

10. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 10 में,

(i) "जमाराशि" या "जमाराशियां" शब्द, जहां कहीं भी वे प्रयुक्त हुए हों, "सार्वजनिक जमाराशि" या "सार्वजनिक जमाराशियों" इन शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किए जाएंगे।

(ii) खण्ड (ii) के उप खण्ड (ग) में, "सविदागत दर की तुलना में एक प्रतिशत बिन्दु कम" शब्दों के स्थान पर निम्नलिखित शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे, अर्थात् —

"उस दर की तुलना में एक प्रतिशत बिन्दु कम, जिस दर पर आवास वित्त कंपनी ने सामान्यतया भुगतान किया होता, यदि जमाराशि उस अवधि के लिए स्वीकार की गई होती जिस अवधि के लिए ऐसी जमाराशि इस्तेमाल की गई थी।"

पैराग्राफ 10क का संशोधन

11. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 10क में,

(i) "जमाराशि" शब्द, जहां कहीं भी प्रयुक्त हुआ हो, यह "सार्वजनिक जमाराशि" शब्दों द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा।

(ii) खण्ड (ii) के स्थान पर, निम्नलिखित को प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(ii) सार्वजनिक जमाराशि की समाप्त हुई अवधि का ब्याज, उस दर से एक प्रतिशत बिन्दु कम कर दिया गया है, जिस दर पर आवास वित्त कंपनी ने सामान्यतया भुगतान किया होता, यदि जमाराशि उस अवधि के लिए स्वीकार की गई होती। जिस अवधि के लिए ऐसी जमाराशि इस्तेमाल की गई थी; पहले ऐसी घटी हुई दर से अधिक भुगतान किया गया कोई भी ब्याज वसूल/समायोजित किया जाएगा।"

पैराग्राफ 11 का संशोधन

12. प्रमुख निर्देशो के पैराग्राफ 11 में, उप पैराग्राफ (1) को निम्नलिखित से प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"(1) प्रत्येक आवास वित्त कंपनी :

(क) भारत में भार रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों, जो ऐसी प्रतिभूतियों के चालू बाजार मूल्य से अनधिक की कीमत पर मूल्यांकित की गई हों, में उतनी राशि का निवेश करेगी और निवेश करना जारी रखेगी, जो किसी दिन कारबार की समाप्ति पर, दूसरी पूर्ववर्ती तिमाही के अंतिम कार्यदिवस को कारबार की समाप्ति पर बकाया सार्वजनिक जमाराशियों के पांच प्रतिशत से कम नहीं होगी और जो 1 अप्रैल, 1999 से छह प्रतिशत या पच्चीस प्रतिशत से अनधिक ऐसे उच्चतर प्रतिशत, जिसे राष्ट्रीय आवास बैंक समय समय पर और राजपत्र में अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करे, से कम नहीं होगी;

(ख) भारत में (i) किसी अनुसूचित बैंक के खाते में (दोनों प्रभार या धारणाधिकार से मुक्त) सावधि जमाराशि प्रमाणपत्र में या (ii) राष्ट्रीय आवास बैंक के पास रखी गई जमाराशियों में या (iii) राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा जारी किए गए बांडों में अभिदान के रूप में या आंशिक रूप से ऐसे खाते में या ऐसी जमाराशि में या आंशिक रूप से ऐसे अभिदान के रुप में ऐसी राशि रखेगी, जो किसी दिन कारबार की समाप्ति पर, उपर्युक्त खण्ड (क) के अंतर्गत किए गए निवेश सहित, दूसरी पूर्ववर्ती तिमाही के अंतिम कार्य दिवस को कारबार की समाप्ति पर आवास वित्त कंपनी की बहियों में बकाया सार्वजनिक जमाराशियों के दस प्रतिशत से कम नहीं होगी और जो 1 अप्रैल, 1999 से साढ़े बारह प्रतिशत या पच्चीस प्रतिशत से अनधिक ऐसे उच्चतर प्रतिशत, जिसे राष्ट्रीय आवास बैंक समय समय पर और राजपत्र अधिसूचना द्वारा विनिर्दिष्ट करें, से कम नहीं होगी।"

पैराग्राफ 11क का संशोधन

13. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 11क में, उप पैराग्राफ (1) को निम्नलिखित द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा अर्थात् :—

"(1) प्रत्येक आवास वित्त कंपनी, इन निर्देशों के पैराग्राफ 11 के उप पैराग्राफ (1) के खंड (क) के अनुसरण में उसके

द्वारा रखी जाने वाली भार रहित अनुमोदित प्रतिभूतियों को, उस स्थान पर, जहां आवास वित्त कंपनी का पंजीकृत कार्यालय स्थित है, उस निमित्त उसके द्वारा अभिहित अनुसूचित वाणिज्यिक बैंकों में से किसी एक बैंक को सौपेगी ।"

नए पैराग्राफ 11ग का समावेश

14. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 11ख के बाद, निम्नलिखित पैराग्राफ का समावेश किया जाएगा, अर्थात् :—

"11 ग. कर्मचारी प्रतिभूति जमा—अपने सामान्य कारबार के दौरान, अपने किसी भी कर्मचारी से, उसके कर्त्तव्यों के उचित निष्पादन के लिए, प्रतिभूति जमा के रूप में कोई भी राशि प्राप्त करने वाली आवास वित्त कंपनी उस राशि को किसी अनुसूचित वाणिज्यिक बैंक में या डाकघर में कर्मचारी और आवास वित्त कंपनी के संयुक्त नाम वाले खाते में इस शर्त पर रखेगी कि :—

(1) वह कर्मचारी की लिखित सहमति के बिना राशि नहीं निकालेगी, और

(2) यह राशि कर्मचारी को ऐसे जमा खाते पर देय ब्याज सहित प्रतिदेय होगी, बशर्ते कि इस या उसके किसी भाग का, कर्मचारी की ओर से उसके कर्त्तव्यों के उचित निष्पादन में असफल रहने के कारण आवास वित्त कपनी द्वारा विनियोजन न किया जाना हो ।"

पैराग्राफ 12 का संशोधन

15. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 12 के, अंत में निम्नलिखित शब्द जोड़े जाएंगे, अर्थात् :—

"और रिपोर्ट तथा उसके लेखापरीक्षकों द्वारा प्रस्तुत की गई लेखा संबंधी टिप्पणियों की एक प्रति ।"

पैराग्राफ 13 का संशोधन

16. प्रमुख निर्देशों का पैराग्राफ 13, निम्नलिखित के द्वारा प्रतिस्थापित किया जाएगा, अर्थात् :—

"13. लेखा परीक्षक का प्रमाणपत्र और इस प्रमाणपत्र को प्रस्तुत करने का प्रावधान—

प्रत्येक आवास वित्त कंपनी, पैराग्राफ 12 के तहत किए गए प्रावधान के अनुसार, राष्ट्रीय आवास बैंक को संपरीक्षित तुलनपत्र की प्रति सहित निदेशक बोर्ड को लेखापरीक्षक की रिपोर्ट की एक प्रति और अपने लेखापरीक्षकों, जो भारतीय सनदी लेखाकार संस्थान के सदस्य हैं, से इस आशय का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगी कि :—

(1) क्या आवास वित्त कपनी ने, इन निर्देशों के पैराग्राफ 3क में किए गए प्रावधान के अनुसार, पंजीकरण के लिए आवेदन किया है, यदि वह 17 सितम्बर, 1997 से पहले निगमित कंपनी है और क्या उसे राष्ट्रीय आवास बैंक से उस पंजीकरण प्रमाणपत्र की मंजूरी या नामंजूरी के बारे में कोई पत्र प्राप्त हुआ है और क्या आवास वित्त कंपनी को राष्ट्रीय आवास बैंक से पंजीकरण का प्रमाणपत्र प्राप्त हो गया है, यदि वह 17 सितम्बर, 1997 को या इसके बाद निगमित कंपनी है ।

(2) सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार करने/रखने वाली आवास वित्त कंपनी के मामले में :—

(i) क्या आवास वित्त कंपनी द्वारा नीचे दर्शाये गये अन्य उधारों सहित अर्थात —

(क) जनता से अप्रतिभूत/अपरिवर्तनीय/डिबेंचरों बाण्डों के निर्गम द्वारा

(ख) पब्लिक लिमिटेड कम्पनी द्वारा अपने शेयरधारकों से और

(ग) किसी अन्य प्रकार की जमा राशि जिसे सार्वजनिक जमाराशि की परिभाषा से अलग नहीं किया गया है,

उसके द्वारा स्वीकार की गई सार्वजनिक जमाराशियों इन निर्देशों के उपबंधों के अनुसार कंपनी की अनुज्ञेय सीमाओं के भीतर हैं ।

(ii) क्या ऋण पात्रता निर्धारण एजेंसियों अर्थात———— (एजेंसी का नाम) द्वारा———— (तारीख) को जमाराशियों के लिए प्रदत्त ऋण पात्रता निर्धारण अर्थात् ————(पात्रता निर्धारण के स्तर का उल्लेख करे) प्रभावी है और वर्ष के दौरान किसी भी समय बकाया जमाराशियों की कुल राशि ऋण पात्रता निर्धारण एजेंसी द्वारा विनिर्दिष्ट सीमा से अधिक हो गया है ।

(iii) क्या आवास वित्त कंपनी ने अपने जमाकर्त्ताओं को, ब्याज और या मूलधन देय होने के बाद, जमाराशियों के ब्याज और या मूलधन का भुगतान करने में चूक की है ?

(iv) क्या आय का अभिज्ञान लेखा मानकों, परिसम्पत्ति के वर्गीकरण, अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान, पूंजी पर्याप्तता और ऋण/निवेश के संकेन्द्रण के लिए विवेकसम्मत मानदण्डों के बारे में आवास वित्त कंपनियों को राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय आवास बैंक को प्रस्तुत की गई विवरणी में व्यक्त किए गए पूंजी पर्याप्तता अनुपात का सही निर्धारण किया गया है और क्या यह अनुपात

इन दिशानिर्देशों में राष्ट्रीय आवास बैंक द्वारा निर्धारित न्यूनतम पूंजी जोखिम आस्ति अनुपात के अनुरूप है ।

(v) क्या आवास वित्त कंपनी ने निर्धारित चल निधि की अपेक्षा को पूरा किया है और अभिहित बैंक में अनुमोदित प्रतिभूतियां रखी हैं ।

(vi) क्या आवास वित्त कंपनी ने विवेकसम्मत मानदंड संबंधी छमाही विवरणी निर्धारित अवधि के भीतर राष्ट्रीय आवास बैंक को प्रस्तुत की है, जैसा कि आय की पहचान, लेखा मानकों, परिसम्पत्ति के वर्गीकरण, अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान, पूंजी पर्याप्तता और ऋणों/निवेशों के संकेन्द्रण के लिए विवेकसम्मत मानदण्डों के बारे में आवास वित्त कंपनियों को राष्ट्रीय आवास बैंक के दिशानिर्देशों में विनिर्दिष्ट किया गया है ।

(vii) क्या आवास वित्त कंपनी ने जमाराशियों संबंधी विवरणी निर्धारित अवधि के भीतर राष्ट्रीय आवास बैंक को प्रस्तुत कर दी है, जैसा कि इन निर्देशों की अनुसूची में विनिर्दिष्ट किया गया है ।

(viii) क्या आवास वित्त कंपनी की जमाकर्त्ताओं के प्रति देयताओं की पूरी राशि उस पर देय ब्याज सहित तुलनपत्र में उचित रूप से परिलक्षित की गई है और यह कि कंपनी जमाकर्त्ताओं को इन देयताओं की राशि पूरा करने की स्थिति में है ।

(3) सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार न ही करने वाली आवास वित्त कंपनी के मामले में—

(i) क्या निदेशक बोर्ड ने सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार नहीं करने के लिए संकल्प पारित कर दिया है,

(ii) क्या आवास वित्त कंपनी ने संबंधित अवधि/वर्ष के दौरान कोई सार्वजनिक जमाराशि स्वीकार की है और

(iii) क्या आवास वित्त कंपनी ने आय अभिज्ञान, लेखा मानकों, परिसम्पत्ति के वर्गीकरण और अशोध्य एवं संदिग्ध ऋणों के लिए प्रावधान संबंधी विवेकसम्मत मानदण्डों का पालन किया है, जैसा कि उस पर लागू होता है ।

(4) जहां लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में, उपर्युक्त उप पैराग्राफ 1 से 3 में उल्लिखित किसी भी मद में संबंधित विवरण प्रतिकूल या सापेक्ष है, वहां यथास्थिति लेखापरीक्षकों की रिपोर्ट में, ऐसे प्रतिकूल या सापेक्ष विवरण, के कारणों का भी उल्लेख किया जाएगा । जहां लेखापरीक्षक उपर्युक्त पैराग्राफ 1 से 3 में उल्लिखित किसी मद के बारे में कोई राय व्यक्त करने में असमर्थ हैं, वहां लेखापरीक्षक की रिपोर्ट में इस तथ्य का कारणों सहित उल्लेख किया जाएगा ।"

पैरा ग्राफ 14 का संशोधन

17 प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 14 में,

(i) उप पैराग्राफ (1) में, खंड (ii) का लोप हो जाएगा ।

(ii) उप पैराग्राफ (2) में, उप खंड (क) के बाद खण्ड (i) में, निम्नलिखित को जोड़ा जाएगा, अर्थात :—

"(कक) पंजीकृत कार्पोरेट कार्यालय का पूरा डाक पता, टेलीफोन नम्बर और फैक्स नम्बर;

(कख) कंपनी के लेखापरीक्षकों के नाम और कार्यालय का पता ।"

पैराग्राफ 16 का संशोधन

18. प्रमुख निर्देशों के पैराग्राफ 16 में,

(i) उप पैराग्राफ (1), "प्रत्येक आवास वित्त कंपनी" शब्द के स्थान पर "सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार करने वाली प्रत्येक आवास वित्त कंपनी" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(ii) उप पैराग्राफ (2),—

(क) "जहां कोई आवास वित्त कंपनी जमाराशि/(यां) स्वीकार करने का इरादा रखती है" इन शब्दों के स्थान पर कोई आवास वित्त कंपनी सार्वजनिक जमाराशियां स्वीकार करने का इरादा रखती है" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे;

(ख) अंत में निम्नलिखित शब्द जोड़े जाएंगे, अर्थात्

"और जहां उपर्युक्त उप पैराग्राफ (1) में उल्लिखित विवरण, जो पूर्वोक्त नियमों में बताए गए ढंग से विधिवत् हस्ताक्षरित हों ।"

(iii) उप पैराग्राफ (3),—

"उप पैराग्राफ (1) के तहत प्रस्तुत किया गया विवरण" शब्दों के स्थान पर "उप पैराग्राफ (2) के तहत प्रस्तुत किया विवरण" शब्द प्रतिस्थापित किए जाएंगे ।

पी० पी० वोरा,
अध्यक्ष

कर्मचारी राज्य बीमा निगम

नई दिल्ली, दिनांक 27 दिसम्बर 1999

सं० यू-16 (53) पी० टी० एम० आर०/कर्नाटक/99-चि० 2—कर्मचारी राज्य बीमा (साधारण) विनियम, 1950 के विनियम 105 के तहत महानिदेशक को निगम की शक्तियां प्रदान करने के संबंध में कर्मचारी राज्य बीमा निगम के दिनांक 25 अप्रैल, 1951 को हुई बैठक के अनुसरण में तथा महानिदेशक के आदेश संख्या 1024(जी) दिनांक 23-5-1983 द्वारा ये शक्तियां आगे मुझे सौंपी जाने पर मैं इसके द्वारा डा० एम० राजशेखर को मानकों के अनुसार देय पारिश्रमिक पर कार्यग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष के लिए या पूर्ण-कालिक चिकित्सा निर्देशी के कार्यग्रहण करने तक, जो भी पूर्व हो, को कर्नाटक क्षेत्र में बेल्लारी जिले के लिए बीमाकृत व्यक्तियों की स्वास्थ्य परीक्षा करने तथा मूल प्रमाण-पत्र की सत्यता संदिग्ध होने पर उन्हें आगे प्रमाण-पत्र जारी करने के प्रयोजन के लिए चिकित्सा अधिकारी के रूप में कार्य करने के लिए प्राधिकृत करती हूं।

डा० (श्रीमती) एस० सिंह
चिकित्सा आयुक्त

दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाऊन्टेंटस आफ इंडिया

नई दिल्ली-110002, दिनांक 19 जनवरी 2000

नं० 13-सी०ए०/परीक्षा/एम/2000—चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस् रेगूलेशन 1988 के रेगूलेशन 22 के अनुसार दि काउंसिल आफ दि इंस्टीटयूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इंडिया को अधिसूचना जारी करने में प्रसन्नता है कि फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट और फाईनल की परीक्षाएं निम्नलिखित तिथियों तथा केन्द्रों पर होंगी, बशर्ते कि प्रत्येक केन्द्र में परीक्षा के लिए पर्याप्त संख्या में परीक्षार्थी निवेदन करते हैं।

फाउन्डेशन परीक्षा : : पाठ्यक्रम चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रगूलेशन 1988 के शेडयूल "बी" के अनुच्छेद "1ए" के अनुसार :—

6, 8, 9 और 10 मई, 2000

(प्रात:कालीन सत्र—8 बजे से 11 बजे) भारतीय समयानुसार।

इण्टरमीडिएट परीक्षा : पाठ्यक्रम चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रेगूलेशन, 1988 के शेडयूल "बी" के अनुच्छेद "2ए" के अनुसार :—

ग्रुप I : 2, 3 और 4 मई, 2000

ग्रुप II : 5, 6 और 8 मई, 2000

(दोपहर का सत्र :—12 बजकर 30 मिनट से 3 बजकर 30 मिनट तक) भारतीय समयानुसार।

फाइनल परीक्षा : पाठ्यक्रम चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रेगूलेशन, 1988 के शेडयूल "बी" के अनुच्छेद "3ए" के अनुसार :—

ग्रुप I : 2, 3, 4 और 5 मई, 2000

ग्रुप II : 6, 8, 9 और 10 मई, 2000

(प्रात:कालीन सत्र 8 बजे से 11 बजे तक) भारतीय समयानुसार।

परीक्षा केन्द्र

भारत में परीक्षा केन्द्र :—

1. आगरा
2. अहमदाबाद
3. अजमेर
4. इलाहाबाद
5. एलेप्पी
6. अलवर
7. अम्बाला
8. अमृतसर
9. आसनसोल
10. औरंगाबाद
11. बंगलौर
12. बड़ौदा
13. बेलगांव
14. भोपाल
15. भुवनेश्वर
16. कलकत्ता

17. कालीकट
18. चंडीगढ़
19. चेन्नई
20. कोयम्बटूर
21. कटक
22. देहरादून
23. दिल्ली (नई दिल्ली)
24. धनबाद
25. इरनाकुलम
26. फरीदाबाद
27. गुवाहाटी
28. गाजियाबाद
29. गोवा
30. ग्वालियर
31. हिसार
32. हैदराबाद
33. इन्दौर
34. जबलपुर
35. जयपुर
36. जम्मू
37. जमशेदपुर
38. जोधपुर
39. कानपुर
40. कोल्हापुर
41. कोटा
42. कोट्टायाम
43. लखनऊ
44. लुधियाना
45. मदुरई
46. मंगलौर
47. मथुरा
48. मेरठ
49. मुम्बई
50. मैसूर
51. नागपुर
52. नासिक
53. पटना
54. पूना
55. रायपुर
56. राजकोट
57. रांची
58. रोहतक
59. सेलम
60. शिमला
61. सिलिगुडी
62. शोलापुर
63. सूरत
64. तिरुचिरापल्ली
65. त्रिचूर
66. त्रिवेन्द्रम
67. उदयपुर
68. वाराणसी
69. विजयावाड़ा
70. विशाखापटनम
71. यमुनानगर

विदेशों में परीक्षा केन्द्र :—

1. दुबई
2. काठमांडू/नेपाल

परीक्षा शुल्क की राशि किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक के डिमांड ड्राफ्ट द्वारा इंस्टीट्यूट के सचिव के पक्ष में होनी चाहिए और उसकी अदायगी नई दिल्ली पर हो ।

परिषद अपने विशेषाधिकार के अन्तर्गत किसी भी परीक्षा केन्द्र को बिना कोई कारण दिए रद्द कर सकती है ।

उक्त परीक्षाओं के लिए आवेदन निर्धारित आवेदन पत्रों पर ही किया जाना चाहिए जो कि इंस्टीटयूट आफ चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस आफ इंडिया के अतिरिक्त सचिव (परीक्षा) के इन्द्रप्रस्थ मार्ग, नई दिल्ली स्थित कार्यालय में 20 रुपये प्रति आवेदन पत्र भुगतान करने पर मिल सकता है । आवेदन पत्र इंस्टीटयूट के रीजनल और ब्रांचों के कार्यालयों में भी उपलब्ध हैं और नकद भुगतान करने पर प्राप्त किए जा सकते हैं ।

उपर्युक्त प्रमाण पत्रों और शुल्क के साथ डिमांड ड्राफ्ट लगाकर आवेदन पत्र इस प्रकार भेजा जाना चाहिए कि वह अतिरिक्त सचिव (परीक्षा) के कार्यालय में निम्नलिखित तिथियों तक पहुंच जाए :

फाउन्डेशन परीक्षा : 14 फरवरी, 2000 (बिना विलम्ब शुल्क के साथ)

21 फरवरी, 2000 (50/- रुपये विलम्ब शुल्क के साथ)

फाईनल परीक्षा : 18 फरवरी, 2000 (बिना विलम्ब शुल्क के साथ)

25 फरवरी, 2000 (50/-रुपये विलम्ब शुल्क के साथ)

इण्टरमीडिएट परीक्षा : 23 फरवरी, 2000 (बिना विलम्ब शुल्क के साथ)

01 मार्च, 2000 (50/-रुपये विलम्ब शुल्क के साथ)

आवेदन पत्र इंस्टीट्यूट के कार्यालय नई दिल्ली में स्वयं भी आकर दिया जा सकता है, या रीजनल कांउसिलों के मुम्बई, चेन्नई, कलकत्ता, कानपुर, अहमदाबाद, बंगलौर, हैदराबाद, पूना और जयपुर के कार्यालयों में उपरोक्त तिथियों के अनुसार जमा कराया जा सकता है। इन नगरों में रहने वाले परीक्षार्थियों को इस सुविधा का फायदा उठाने की सलाह दी जाती है।

विभिन्न परीक्षाओं के लिए देय शुल्क इस प्रकार हैं :—

फाउन्डेशन परीक्षा—शुल्क	रुपये 500/-
इण्टरमीडिएट परीक्षा—शुल्क	
दोनों ग्रुपों के लिए	रुपये 600/-
केवल एक ग्रुप के लिए	रुपये 350/-
यूनिट एक*	रुपये 350/-
यूनिट दो*	रुपये 350/-
यूनिट तीन*	रुपये 300/-
यूनिट चार*	रुपये 350/-

*इकाई यूनिट शब्दावली का आशय पेपर्स के उस समूह से है जिसे उन अभ्यार्थियों को, जो चार्टर्ड एकाउन्टेंटस इण्टरमीडिएट नियमावली की अनुसूची "बी" के अनुच्छेद 2 "ए" में निर्दिष्ट पाठ्यक्रम के अन्तर्गत परीक्षा आरम्भ होने से पूर्व दोनों ग्रुपों को पास नहीं कर सके हैं और एक ही ग्रुप में उत्तीर्ण हुए हैं, परीक्षा में बैठना है और पास करना है।

फाईनल परीक्षा—शुल्क	
दोनों ग्रुपों के लिए	रुपये 700/-
केवल एक ग्रुप के लिए	रुपये 400/-
**ईकाई यूनिट—2 पेपर तक	रुपये 275/-
**ईकाई यूनिट—2 पेपर से अधिक तथा चार पेपरों तक सीमित	रुपये 350/-
**ईकाई यूनिट—5 पेपर व उससे अधिक	रुपये 600/-

**यूनिट शब्दावली का आशय पेपरों के उस समूह से है जिसे उन अभ्यार्थियों को जो चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रेगुलेशन 1964 के अन्तर्गत शेड्यूल "बी" और (बी बी) पाठ्यक्रम के अन्तर्गत नवम्बर 1986 से पूर्व एक या एक से अधिक ग्रुप पास कर चुके हैं लेकिन सभी ग्रुप पास नहीं किए हैं को अब चार्टर्ड एकाउन्टेन्टस रेगुलेशन 1988 के शैड्यूल "बी" के अनुच्छेद "3ए" में शेष अनुरूप पेपरों में एक साथ बैठना है और पास करना है।

दुबई केन्द्र से बैठने वाले फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट और फाईनल के परीक्षार्थियों को क्रमशः अमेरिकन $70,$80 और $100 या इसके सममूल्य की भारतीय मुद्रा का शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे एक पेपर या एक ग्रुप या एक इकाई/यूनिट या दोनों ग्रुपों में बैठ रहे हों।

काठमांडू केन्द्र से बैठने वाले फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट और फाईनल के परीक्षार्थियों को रुपये 750/- या उसके सममूल्य की विदेशी मुद्रा का शुल्क अदा करना पड़ेगा चाहे वे एक पेपर, एक ग्रुप, एक यूनिट या दो ग्रुपों में बैठ रहे हों।

हिन्दी में उत्तर लिखने की ऐच्छिकता

फाउन्डेशन, इंटरमीडिएट और फाईनल परीक्षाओं के उम्मीदवारों को उत्तर हिन्दी माध्यम में भी देने की सुविधा दी जाती है। विस्तृत जानकारी आवेदन पत्र के साथ संलग्न सूचना पत्र में उपलब्ध है।

अंगदम्बा प्रसाद
अतिरिक्त सचिव (परीक्षा)

RESERVE BANK OF INDIA

PUBLIC DEBT OFFICE

Mumbai-1 the 1st January 2000

No. PDO. 20-14-02/I.F.C. Bonds:—In pursuance of Regulation 10 of Industrial Finance Corporation (Issue of Bonds) Regulations 1949, framed under Section 43 of the Industrial Finance Corpn. Act, 1948 (XV of 1948), the following list for the half year ended 31st December 1999 of I.F.C.I. Bonds lost etc, of which prima facie grounds exist for believing that the Bonds have been lost and that the claim of the applicant is just, is hereby published. All persons, other than the relative claimants named below, who have any claim upon these Bonds, should communicate immediately with the Regional Director, Reserve Bank of India, Public Debt Office, Mumbai 400 001. The list is divided into two parts, part 'A' being the list of securities advertised for the first time and part 'B' the list of securities previously advertised.

Sr. No.	Bond Number	Value in Rs.	In whose name issued	From what Date Bearing int rest	Name(s) of the claimant(s) For payment of discharge Value/ issue of duplicates and payment of accrued interest	No. and date of orders issued	Date of publication of the list in which the security was first published
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)	(7)	(8)
List A			—NIL—				
List B-7.25% IFCI Bonds 1997							
1.	BY 000908-910	3,00,000/- (3x1,00,000/-)	ANZ Grindlays Bank	29-9-1995	Madhur Capital and Finance Ltd., Ahmedabad.	Case No. 20-04-2075 General Manager's orders dated 3-3-1999 C.O. Diary No. 713 of date.	31-7-99
13% I.F.C.I. Bonds 2008 (64th Srs.)							
1.	BY 00077-BY 00032	60,00,000/- (6x10,00,000/-)	Reserve Bank of India	23-1-1996	Trustees, Gratuity Fund of Bharat Petroleum Corporation Ltd.	Case No. 20-04-2034 General Manager's orders dated 8th January 1998. C.O. Diary No. 404 dated 12th January 1998.	14-2-1998

A.B. TELANG,
Regional Director for Maharashtra & Goa.
For Reserve Bank of India Shri V.B Shikarkhane.A M. ACD—S—0014

DENA BANK

HEAD OFFICE

7th Floor, Maker Towers "E"

Post Box No. 6058, Cuffe Parade

Mumbai-400005, the 28th December 1999

No. IR/Amend-1/99 : In exercise of the powers conferred by section 19 read with sub-section (2) of section 12 of the Banking Companies (Acquisition and Transfer of undertakings) Act, 1970 (5 of 1970), the Board of Directors of DENA BANK in consultation with the Reserve Bank of India and with the previous sanction of the Central Government hereby makes the following Regulations, namely :—

1. SHORT TITLE AND COMMENCEMENT

(1) These Regulations may be called DENA BANK (Officers') Service (Amendment) Regulations, 1998.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. In the DENA BANK (Officers') Service Regulations, 1979 for Regulation 38, the following regulation shall be substituted; namely :—

